## राजकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, राजस्थान, जोधपुर

### डी.पी.एड प्रवेश– 2025 ऑनलाईन आवेदन करने हेतु सामान्य दिशा निर्देश

1. डीपीएड पाठ्यक्रम सत्र 2025–26 मे प्रवेश लेने के इच्छुक योग्य अभ्यर्थी दिनांक **20.08.2025 से 31.08.2025 मध्यरात्रि 12:00 बजे तक** ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

2. डीपीएड पाठ्यक्रम सत्र 2025–26 मे प्रवेश लेने के इच्छुक योग्य अभ्यर्थी सर्वप्रथम निम्न साईट पर उपलब्ध सूचनाओं एवं सामान्य दिशा निर्देश एवं इस पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु योग्यता का सावधानी पूर्वक अध्ययन करें तथा इसके पश्चात यदि वें आवेदन हेतु योग्यता रखते है तो सर्वप्रथम **www.gpecjodhpur.com** पर **Admission & DPEd 2025 & Apply Online** पर अपनी मेल आई डी व मोबाइल नंबर पंजीकृत कर लॉगिन बनाकर निर्धारित रूपयें 250/– का ऑनलाईन भुगतान करने के पश्चात पुनः वैबसाइट पर लॉगिन कर आवेदन भर सकेंगे एवं कोई समस्या होने पर **gpecdped@gmail.com** पर सूचित करे।

3. **दोनों महाविद्यालय (राजकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय जोधपुर एवं रीजनल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज प्रतापगढ़)** के लिए एक हो आवेदन किया जाना है जिसमे महाविद्यालय की प्राथमिकता अंकित की जानी होती है। महाविद्यालय आवंटन वर्गवार वरीयता अनुसार, साक्षात्कार के समय चयन अनुसार एवं उक्त महाविद्यालय में रिक्त सीट उपलब्धता के आधार पर किया जाता है।

4. **ऑनलाईन आवेदन पत्रों की प्रिन्ट प्रति जमा करवाने हेतु :–** डीपीएड 2025 के ऑनलाईन भरे हुये आवेदन पत्र की दो हॉर्ड प्रतियॅा अभ्यर्थी अपने पास सुरक्षित रखे जिसमें से एक ऑनलाईन आवेदन की हॉर्ड प्रति जिसमे भरे गए आवेदन शुल्क का विवरण भी होता है के साथ अपने सभी शैक्षणिक व खेल प्रमाण पत्रों की स्वयं प्रमाणित प्रतिलिपियाँ संलग्न कर **प्राचार्य, राजकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, एयर फोर्स बस स्टेण्ड के पास, जोधपुर–342011** के पते पर **व्यक्तिशः/डाक द्वारा दिनांक 06.09.2025 सायं 5:00 बजे तक प्रस्तुत करें। उक्त आवेदन की हार्ड कॉपी मय दस्तावेज़ समय पर जमा नहीं करवाने की अवस्था में आवेदन की अभ्यर्थता नहीं मानी जायेगी।**

5. हाथ से भरे गये आवेदन पत्र किसी भी रूप में विभाग द्वारा स्वीकार नहीं किये जायेगें एवं गलत सूचना देने के लिये जिम्मेदारी अभ्यर्थी स्वयं की होगी।

6. शारीरिक दक्षता एवं खेल कौशल परीक्षण में चयन होने की सूचना वेबसाईट पर दी जायेगी व चयनित अभ्यर्थी खेल पोशाक में **प्राचार्य, राजकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, एयर फोर्स बस स्टेण्ड के पास, जोधपुर** में उपस्थित होगें।

7. शारीरिक दक्षता एवं खेल कौशल परीक्षण में **उत्तीर्ण (Qualify)** करना होगा तथा उन्हीं सफल अभ्यर्थियों से वरियता सूची तैयार कर प्रवेश दिया जायेगा। जो अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता एवं खेल कौशल परीक्षण में **अनुत्तीर्ण (Disqualify)** होते है, उन्हें अस्थाई वरियता सूची से विलोपित किया जायेगा।

8. सीनियर सैकण्डरी समकक्ष परीक्षा के अभ्यर्थी जिनका परीक्षा परिणाम आवेदन करने तक घोषित नहीं होता है वें आवेदन कर सकते है परंतु वे आवेदन की हार्ड कॉपी प्रिंट अपने परिणाम जारी होने के पश्चात आवेदन मे अपने प्राप्त अंक डालने के पश्चात ही ले पाएंगे। आवेदन पत्र की दो हॉर्ड प्रतियॉ अभ्यर्थी अपने पास सुरक्षित रखे जिसमें से एक ऑनलाईन आवेदन की हॉर्ड प्रति जिसमे भरे गए आवेदन शुल्क का विवरण भी होता है के साथ अपने सभी शैक्षणिक व खेल प्रमाण पत्रों की स्वयं प्रमाणित प्रतिलिपियाँ संलग्न कर **प्राचार्य, राजकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, एयर फोर्स बस स्टेण्ड के पास, जोधपुर–342011** के पते पर **व्यक्तिशः/डाक द्वारा दिनांक 06.09.2025 सायं 5:00 बजे तक प्रस्तुत करें। उक्त आवेदन की हार्ड कॉपी मय दस्तावेज़ समय पर जमा नहीं करवाने की अवस्था में आवेदन की अभ्यर्थता नहीं मानी जायेगी।**

9. अभ्यर्थी डीपीएड 2025 वेबसाईट **www.gpecjodhpur.com** को समय–समय पर देखते रहे जिससे वे नई सूचना से अवगत होते रहे।

समन्वयक डीपीएड प्रवेश 2025